शिक्षक ज्ञानवान, पर टीम भावना नहीं: के रविकुमार

कार्यशाला

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रविकुमार ने प्रशिक्षण में भाग लेनेवाले प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों में व्यक्तिगत रूप से ज्ञान की कमी नहीं है, परंतु हम अपने विद्यालयों में टीम भावना के साथ काम नहीं कर पा रहे हैं, जिस कारण बच्चों की शिक्षा पर असर देखने को मिल रहा है।

उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को बेहतर कार्य करने तथा इस तरह के प्रशिक्षण से लाभ लेते हुए अपनी कार्यकुशलता तथा कुशल प्रबंधन के रूप में अपने आप को स्थापित करने पर बल दिया। सचिव के रवि कुमार शुक्रवार को आईआईएम सभागार में विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, आईआईएम रांची के अंकुर झा, आदित्य तथा राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अभिनव कुमार उपस्थित थे।

31 तक चलेगा प्रशिक्षण: सरकार की योजना के अंतर्गत प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व विकास एवं क्षमता वर्द्धन को प्रमुखता से देखा गया है। इसी क्रम में यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है जो 31 जनवरी तक चलेगा। आईआईएम द्वारा निरंतर तीन वर्षों तक 80 एसओई एवं 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षित किया जायेगा ताकि वे स्कूलों का बेहतर संचालन करे।

आईआईएम सहयोग के लिए तत्पर: दीपक

इस अवसर पर आईआईएम रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि आईआईएम रांची के लिए यह स्थानीय रूप से बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें हम राज्य सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में प्रबंधकीय क्षमता वर्द्धन करने में सहयोग कर रहे हैं। आईआईएम रांची पूरी क्षमता के साथ विभाग को पूर्ण सहयोग करने के लिए तत्पर है।

Hindustan, 28.01.2023, Pg. 04